NCERT
National Council Of Educational Research And Training

NCERT Solutions for 8th Class Hindi Durva: Chapter 11-हिन्दी ने जिनकी जिंदगी बदल दी (भेंटवार्त्ता)

IndCareer Schools

indCareer indCareer indCareer

# NCERT Solutions for 8th Class Hindi Durva: Chapter 11-हिन्दी ने जिनकी जिंदगी बदल दी (भेंटवार्त्ता)

Class 8: Hindi Durva Chapter 11 solutions. Complete Class 8 Hindi Durva Chapter 11 Notes.

## NCERT Solutions for 8th Class Hindi Durva: Chapter 11-हिन्दी ने जिनकी जिंदगी बदल दी (भेंटवार्त्ता)

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 11, class 8 Hindi Durva Chapter 11 solutions

**Page No 78:**

**Question 1:**

(क) मारिया को किस कार्य के लिए सम्मानित किया गया?

(ख) मारिया ने अनेक भाषाओं का अध्ययन क्यों किया?

(ग) मारिया बुडापेस्ट में कौन-सी भारतीय पोशाक पहनना पसंद करती हैं और क्यों?

**ANSWER:**

(क) हिन्दी में किए गए उनके कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

(ख) मारिया ने इंसानी जीवन के शुरूआती दौर को जानने के लिए अनेक भाषाओं का अध्ययन किया।

(ग) मारिया बुडापेस्ट में भारतीय पोशाक पहनती हैं। वे सलवार सूट ठंड की वजह से पहनती हैं। यह भारतीयता के प्रति उनका प्रेम है।

**Page No 79:**

**Question 2:**

नीचे दी गई तालिका में मारिया की और तुम अपनी पसंद लिखो–

| क्र. सं. | मारिया की पसंद | तुम्हारी पसंद | |
|---|---|---|---|
| (क) | भारतीय खाना | ..................... | ..................... |
| (ख) | शहर | ..................... | ..................... |
| (ग) | फ़िल्म | ..................... | ..................... |
| (घ) | कलाकार | ..................... | ..................... |
| (ङ) | भाषा | ..................... | ..................... |
| (च) | भारतीय | .................. | .................. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | पोशाक | ... | ... |
| (छ) | कार्यक्रम | .................... ... | .................... ... |

**ANSWER:**

| क्र. सं. | मारिया की पसंद | तुम्हारी पसंद | |
|---|---|---|---|
| (क) | भारतीय खाना | पूरी, मटर पनीर | मटर पनीर, लच्छा परांठा |
| (ख) | शहर | दिल्ली, उदयपुर, मैसूर, पांडिचेरी | बैंगलोर, पूना, उदयपुर |
| (ग) | फ़िल्म | उमराव जान | लगान |
| (घ) | कलाकार | शबाना आज़मी, नसीरूद्दीनशाह | आमीर खान |
| (ङ) | भाषा | हिन्दी | हिन्दी |
| (च) | भारतीय पोशाक | सलवार सूट | सभी |
| (छ) | कार्यक्रम | प्लास्टिक बन्द करना | प्रदूषण रोकना |

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 11, class 8 Hindi Durva Chapter 11 solutions

**Page No 79:**

**Question 3:**

(क) इस भेंटवार्ता की शुरुआत में ही मारिया ने क्षमायाचना क्यों की?

(ख) उसने भेंटवार्ता की शुरूआत किस तरह की शिकायतों से की?

(ग) तुम भी कभी क्षमायाचना और शिकायतों का व्यवहार करते होगे। बताओं वह कौन-कौन से अवसर होते हैं और किन-किन चीज़ों के बारे में किस-किस से तुम क्षमा याचना और शिकायत करते हो?

**ANSWER:**

(क) इस भेंटवार्ता की शुरूआत में मारिया ने क्षमा याचना की कि वह दिल्ली के व्यस्त यातायात के चलते समय से नहीं पहुँच सकी।

(ख) उन्होंने शिकायत की कि भारत बड़ा व परम्परा में समृद्ध देश है परन्तु यहाँ की फिल्मों में छोटी-छोटी बातों पर झूठ बोलते हैं और झूठ दिखाते हैं।

(ग) जब कभी कोई चीज़ हम चाहते हैं परन्तु वह नहीं मिलता तो हम शिकायत करते हैं। यदि हम कोई गलती करते हैं तो क्षमा याचना करते हैं।

**Page No 79:**

**Question 4:**

मान लो कि तुम्हारे स्कूल और किसी अन्य स्कूल के बीच क्रिकेट मैच हुआ और उसमें तुम्हारे स्कूल की क्रिकेट टीम की जीत हुई हो। मगर, किसी समाचार-पत्र में खबरें तो सही रूप में तुम्हारे स्कूल और किसी अन्य स्कूल के बीच में खेले गए मैचों की छापी गई हो और उसके साथ जो तस्वीरें छापी गई हों, वह किसी दूसरे मैच में खेलने वाली टीम की हो। इसके लिए तुम शिकायत करना चाहो तो क्या-क्या करोगे?

**ANSWER:**

हम एक शिकायती पत्र उस समाचार पत्र के संपादक को लिखेंगे तथा उसके दफ्तर में जाकर सही तस्वीरें देंगे और उसे सही तरीके से छापने का अनुरोध करेंगे।

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 11, class 8 Hindi Durva Chapter 11 solutions

**Page No 79:**

**Question 5:**

"यहाँ के फ़िल्म वाले इतनी छोटी-छोटी बातों पर झूठ बोलते ही नहीं बल्कि झूठ दिखाते भी हैं।"

ऊपर मारिया ने भेंटकर्ता से जो बात कही है उसको पढ़ो। अब बताओ कि–

(क) तुम इस बात से कहाँ तक और क्यों सहमत हो?

(ख) क्या सिनेमा में झूठ और सच की बातें दिखाना ज़रूरी होता है? यदि हाँ तो क्यों?

**ANSWER:**

(क) हम इस बात से सहमत हैं क्योंकि छोटी-छोटी बात को इतना बढ़ाकर बताया जाता है कि वह सच हो ही नहीं सकती। न ही सच लगती है। देखने वाले को झूठ देखना पड़ता है चाहे वह अच्छा न लगे।

(ख) सिनेमा मनोरंजन के लिए या संदेश के लिए होते हैं। मनोरंजन में हँसी मजाक होना चाहिए। इस तरह का मनोरंजन स्वस्थ और संदेश पूर्ण भी होना आवश्यक है। इसमें झूठ नहीं दिखाना चाहिए क्योंकि इससे समाज पर गहरा प्रभाव पड़ता है और सच्चाई अवश्य होनी चाहिए क्योंकि समाज को सही का ज्ञान होता है।

**Page No 80:**

**Question 6:**

"हंगरी में संयुक्त परिवार की सोच नहीं है। पति-पत्नी व बच्चे। बच्चे भी केवल 20 साल की उम्र तक माता-पिता के साथ रह सकते हैं। कुल मिलाकर एक इकाई का छोटा परिवार।"

ऊपर के वाक्यों को पढ़ो और बताओ कि–

(क) भारत में बच्चे कब तक माता-पिता के साथ रह सकते है और क्यों?

(ख) तुम्हे अगर हंगरी या किसी अन्य देश में रहने की आवश्यकता हो तो किन-किन चीज़ों को साथ रखना चाहोगे और क्यों?

**ANSWER:**

(क) भारत में बच्चे सारी उम्र अपने माता-पिता के पास रहते हैं या माता-पिता उनके साथ रहते हैं क्योंकि यहाँ मानवीय सबंध बहुत अच्छे होते हैं।

(ख) अगर हमें किसी अन्य देश में रहने की आवश्यकता पड़ेगी तो हम अपना पूरा परिवार अपने साथ रखेंगे ताकि एक दूसरे का सुख-दुख देख सके।

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 11, class 8 Hindi Durva Chapter 11 solutions

**Page No 80:**

**Question 7:**

नीचे दिए गए शब्दों को अपनी मातृभाषा में लिखो और उन पर अपने मित्रों से चर्चा करो–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | नमस्ते | - | ........................ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (ख) | घर | - | ........................ |
| (ग) | सड़क | - | ........................ |
| (घ) | समाचार-पत्र | - | ........................ |
| (ङ) | पानी | - | ........................ |
| (च) | साबुन | - | ........................ |
| (छ) | धरती | - | ........................ |
| (ज) | जंगल | - | ........................ |
| (झ) | सुबह | - | ........................ |

**ANSWER:**

इस प्रश्न का उत्तर छात्र अपनी मातृभाषा में स्वयं करें क्योंकि हर छात्र की मातृभाषा अलग-अलग होती है और उसे लिखने का तरीका भी।

**Page No 80:**

**Question 8:**

(क) मारिया को समुद्र में प्लास्टिक के द्वीप और धरती को खराब करने वाली चीज़ों से चिंता हुई है। क्या तुम्हें भी अपने आस-पास में फैली गंदगी, कूड़े-कचरे के ढेर और तुम्हारे वातावरण को खराब करने वाली चीज़ों को देखकर चिंता होती है? कारण सहित उत्तर दो।

(ख) तुम अगर अपने आस-पास, घर, स्कूल व अपने परिवेश की साफ़-सफ़ाई करना चाहो तो क्या-क्या स्वयं कर सकते हो और क्या-क्या करने में तुम्हें अपने मित्रों, सबंधियों, शिक्षकों और अन्य लोगों की सहायता लेनी पड़ सकती है?

**ANSWER:**

(क) हमें भी अपने आस-पास पड़े कूड़े करकट को देखकर बहुत बुरा लगता है क्यों इससे वातावरण तो प्रदूषित रहता ही है साथ ही बिमारियाँ भी फैलती हैं।

(ख) हमें साफ़-सफ़ाई करने के लिए झाड़ू, पोछा, पानी, फिनाइल, कूड़ेदान आदि की आवश्यकता पड़ सकती है।

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 11, class 8 Hindi Durva Chapter 11 solutions

**Page No 81:**

**Question 9:**

नीचे एक शब्द के दो समान अर्थ दिए गए हैं। जैसे–

नमूना–धरती –पृथ्वी, धरा

अब तुम भी इन शब्दों के दो-दो समान अर्थ लिखो

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | दोस्त | - | ............. | ............. |
| (ख) | माँ | - | ............. | ............. |
| (ग) | पानी | - | ............. | ............. |
| (घ) | नारी | - | ............. | ............. |

**ANSWER:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | दोस्त | - | मित्र, सखा, सहचर, मीत |
| (ख) | माँ | - | माता, जननी, अंबा, अंबिका |
| (ग) | पानी | - | जल, नीर, पय, वारि, तोय, सलिल |
| (घ) | नारी | - | महिला, स्त्री, वनिता, कामिनी, |

औरत

**Page No 81:**

**Question 10:**

'काफ़ी' शब्द का अर्थ है –पर्याप्त और 'कॉफ़ी' का अर्थ होता है एक पेय पदार्थ। दोनों शब्दों की वर्तनी में केवल थोड़ा-सा अंतर होने से अर्थ बदल गया है।

तुम दिए गए शब्दों को पढ़ो और वाक्य बनाओ।

(क) बाल, बॉल

(ख) हाल, हॉल

(ग) चाक, चॉक

(घ) काफ़ी, कॉफ़ी

**ANSWER:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | बाल, बॉल | - | कमला के बाल बहुत घने हैं।खिलाड़ी अपनी बॉल को पकड़ने आगे बढ़े। |
| (ख) | हाल, हॉल | - | वह अभी हाल ही की बात कर रहा था।सभी दर्शक हॉल में चुपचाप बैठे फ़िल्म देख रहे थे। |
| (ग) | चाक, चॉक | - | कुम्हार अपनी चाक से अनेको बर्तन बनाता है।ब्लैक बोर्ड पर चॉक से लिखो। |
| (घ) | काफ़ी, कॉफ़ी | - | यहाँ काफ़ी सामान भरा पड़ा है।तुम गर्म कॉफ़ी पी कर जाना। |

**Page No 81:**

**Question 11:**

(क) रमा ने कमरे में फूल ................ दिए (सज़ा/सजा)

(ख) माँ दही .................. भूल गई। (ज़मान/जमाना)

(ग) घोड़ा ............... दौड़ता है। (तेज़/तेज)

(घ) शीला ने मुझे एक ............. की बात बताई। (राज/राज़)

(ङ) उदित सितार बजाने के ................ में माहिर है। (फ़न/फन)

(च) कप में .............. सी चाय बची थी। (जरा/ज़रा)

**ANSWER:**

(क) रमा ने कमरे में फूल सजा दिए। (सज़ा/सजा)

(ख) माँ दही जमाना भूल गई। (ज़मान/जमाना)

(ग) घोड़ा तेज़ दौड़ता है। (तेज़/तेज)

(घ) शीला ने मुझे एक राज़ की बात बताई। (राज/राज़)

(ङ) उदित सितार बजाने के फ़न में माहिर है। (फ़न/फन)

(च) कप में ज़रा सी चाय बची थी। (जरा/ज़रा)

**Page No 81:**

**Question 12:**

(क) तुम पढ़ने-लिखने में किन-किन संचार माध्यमों का उपयोग करते हो?

(ख) उनमें से तुम्हें सबसे उपयुक्त क्या और क्यों लगता है?

**ANSWER:**

(क) कम्प्यूटर।

(ख) कम्प्यूटर ही सबसे अधिक उपयुक्त है। इससे इन्टरनेट के ज़रिए सभी कुछ मिल जाता है।

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 11, class 8 Hindi Durva Chapter 11 solutions

# Chapterwise NCERT Solutions for Class 8 Hindi Durva :


- Chapter 1 -गुड़िया कविता
- Chapter 2-दो गौरेया (कहानी)
- Chapter 3-चिट्ठियों में यूरोप (पत्र)
- Chapter 4-ओस (कविता)
- Chapter 5-नाटक में नाटक (कहानी)
- Chapter 6-सागर यात्रा (यात्रा वृत्तांत)
- Chapter 7- उठ किसान ओ (कविता)
- Chapter 8-सस्ते का चक्कर (एंकाकी)
- Chapter 9-एक खिलाडी की कुछ यादें (संस्मरण)
- Chapter 10-बस की सैर (कहानी)
- Chapter 11-हिन्दी ने जिनकी जिंदगी बदल दी (भेंटवार्ता)
- Chapter 12-आषाढ़ का पहला दिन (कविता)
- Chapter 13-अन्याय के खिलाफ(कहानी)
- Chapter 14-बच्चों के प्रिय श्री केशव शंकर पिल्लै (व्यक्तित)
- Chapter 15-फ़र्श पर (कविता)
- Chapter 16-बूढ़ी अम्मा की बात (लोककथा)
- Chapter 17-वह सुबह कभी तो आएगी(निबंध)

# About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act. The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.